निष्काम कर्म

प्रो. (डॉ.) सोहन राज तातेड़,
पूर्व कुलपति, सिंघानिया विश्वविद्यालय, राजस्थान

निष्काम कर्म श्रीमद्भगवद्गीता का प्रमुख विषय है। निष्काम कर्म का अर्थ है– कामना से रहित होकर कर्म करना। निष्काम कर्म का तात्पर्य है ऐसा कर्म जिसे बिना किसी लालसा, बिना किसी कामना और फल की इच्छा किये बिना किया जाये, ऐसा कर्म निष्काम कर्म कहलाता है। कामना पूर्वक किया गया कर्म बंधन का कारण होता है। फल की इच्छा का त्याग कर जो कर्म किया जाता है, वह बंधन का कारण नहीं होता, क्योंकि यह कर्म आसक्त रहित है। भारतीय संस्कृति में निष्काम कर्म को बहुत महत्व प्रदान किया गया है। श्रीमद्भगवत्गीता का मूल सार ही निष्काम कर्म योग है। गीता के प्रथम छः अध्यायों में कर्ममार्ग का वर्णन है। कर्ममार्ग का तात्पर्य है जीवन में कर्म करो, किन्तु कर्मफल की इच्छा मत करो। कर्मफल की इच्छा करने से यदि मनोनुकूल फल की प्राप्ति नहीं होती तो प्राणी को दुःख होता हैं इसलिए फल का त्याग करके कर्म करना चाहिए।

जीवन में निराशा का भाव नहीं लाना चाहिए। चारों आश्रमों, पुरुषार्थ चतुष्टय इत्यादि में कर्म करने की ही प्रेरणा दी गई है। हे मानव ! तुम कर्मयोगी बनो। बिना कर्म किये मानव का जीवन निष्क्रिय हो जाता है। वह समाज पर भारभूत हो जाता है, इसलिए सदैव कर्म करते रहना चाहिए। गीता में प्रवृत्ति और निवृत्ति का भी उपदेश दिया गया है। प्रवृत्तिमार्ग गृहस्थ मार्ग है और निवृत्तिमार्ग संन्यास मार्ग है। प्रवृत्तिमार्ग में गृहस्थ धर्म का पालन करते हुए मोक्ष की प्राप्ति संभव हो सकती है यह बतलाया गया है। निवृत्तिमार्ग संसार त्याग का मार्ग है। इसके द्वारा भी मुक्ति प्राप्त की जाती है, किन्तु यह मार्ग कठिन मार्ग है।

गीता विश्व प्रतिष्ठित ग्रंथ है। यह ग्रंथ हिंदू धर्म के लिए पूजनीय है। इसकी सर्वमान्यता के कारण ही विश्व की अनेक भाषाओं में इसका अनुवाद हो चुका है। न्यायालयों में गीता के ऊपर हाथ रखकर ही न्यायाधीश के समक्ष शपथ दिलायी जाती है। महाभारत के युद्ध के समय जब अर्जुन का रथ युद्ध क्षेत्र में आया तो अपने सगे–संबंधियों को देखकर अर्जुन को मोह उत्पन्न हो गया। उनके मोह को दूर करने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को निष्काम कर्म का उपदेश दिया है। अर्जुन के मोह को दूर करने के लिए भगवान् श्रीकृष्ण ने अपना विराट रूप दिखाकर उनके मोह को दूर किया। भगवान् श्रीकृष्ण ने कहा न तो कोई किसी को मारता है और न ही कोई मरता है। सब अपने कर्म के अनुसार मरते हैं और मारे जाते हैं। कोई किसी को मारता नहीं। कर्म को भोगने के लिए सभी शरीर को धारण करते हैं। जिसका जैसा कर्म होता है, वह वैसा शरीर धारण करता है।

यह संसार संबंधों का संसार है। संबंधों के सूत में सब जुड़े हुए है। यह व्यवहार जगत् है। यहां माया का जाल ऐसा बुना हुआ है कि जीव को सत्य का स्वरूप दिखलाई ही नहीं देता। जो जीव ईश्वर की शरण में जाता है, उसका ज्ञाननेत्र उद्घाटित हो जाता है। वहीं सत्य को देख सकता है। भगवान् श्रीकृष्ण के उपदेश को सुनकर अर्जुन का ज्ञाननेत्र उद्घाटित हुआ। उन्होंने संसार की असारता को देखा। उन्हें यह ज्ञान हुआ कि संपूर्ण सृष्टि मायाजन्य है। अज्ञान के दूर होने पर अर्जुन को अपने कर्म का बोध हुआ और वे युद्ध करने के लिए तैयार हुए।

गीता का उपदेश सार्वभौमिक उपदेश है। भूत, वर्तमान और भविष्य तीनों कालों में यह सत्य है। इसमें कर्त्तव्यबोध, व्यवहारबोध, संबंधबोध, आत्मबोध, निष्काम कर्म, ज्ञान और भक्ति का संदेश, जीवन–मरण की सत्यता योग और पर्यावरण जैसे अनेक विषयों का संदेश दिया गया है। जो व्यक्ति गीता के संदेश को अपने जीवन में उतार लेता है वह पूर्ण काम हो जाता है। गीता में जिस आचार की शिक्षा दी गयी है, उसे वर्णाश्रम सिद्धान्तों के आधार पर विभाजित किया गया है। वर्तमान समय में वर्णाश्रम व्यवस्था अत्यन्त विकृत होकर प्रायः टूट चुकी है, और इस समय जो लोग अपने को ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र कहते हैं, या ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ, संन्यास आदि आश्रमों का नाम लेते हैं, उसका कोई विशेष महत्व नहीं है। गीता में जो चारों वर्णों और आश्रमों का विभाजन किया गया है और उनके जो कर्त्तव्य कर्म बतलाये गये हैं, उसका एकमात्र लक्ष्य सामाजिक सुव्यवस्था और व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक क्षमता का क्रमशः विकास ही है। उसमें प्रत्येक व्यक्ति और समुदाय को उसकी प्रवृत्ति, योग्यता और क्षमता के अनुसार ही काम करने की प्रेरणा दी गयी है।

समस्त कर्मों का अन्तिम उद्देश्य आत्मा का उत्थान और उद्धार ही माना गया है। आत्मा समस्त कर्मेन्द्रिय और ज्ञानेन्द्रिय तथा उनके विषय, मन, अहंकार, बुद्धि आदि से भी परे है। यह समस्त प्रकृति एक क्षेत्र है और आत्मा क्षेत्रज्ञ है। आत्मा के बन्धन मुक्त होने के लिये शास्त्रों में संन्यास और योग के मार्गों का निरूपण किया गया है। जो गृहस्थ गीता में प्रदर्शित दान, अतिथि सत्कार, नित्य, नैमित्तिक आदि कर्त्तव्यों को हार्दिक भाव से पूरा करता है और सत्य आचरण पर दृढ़ रहता है, वह भी निस्सन्देह मुक्ति का अधिकारी होता है। गीता में निष्काम कर्म के द्वारा मोक्ष मार्ग का उपदेश दिया गया है। निष्काम भावना से किया गया कर्म बंधन का कारण नहीं होता। निष्काम भावना का अर्थ है–कर्म को कर्त्तव्य मानकर करना। कर्त्तव्य भावना से किया गया कर्म ही निष्काम कर्म है।